हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 30 जनवरी 2024

09 राजकीय महाविद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित, 16 मॉडल प्रस्तुत



10 सर्दी बढ़ने से वायरल बुखार के मरीज बढ़े रोज 100 केस



## खबर संक्षेप

### बालाजी मित्र मंडल का सुंदरकांड पाठ आज

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल का मंगलवार रात प्रेमचंद महेश सैनी के निवास स्थान मोहल्ला मालीटिब्बा में सुंदरकांड पाठ होगा। राकेश गुप्ता ने बताया कि सुंदरकांड पाठ की अध्यक्षता प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल करेंगे व बाद भजन होंगे।

### इनेलो एससी सैल की बैठक आज

**नारनौल।** इंडियन नेशनल लोकदल एससी सैल की जिला स्तरीय बैठक 30 जनवरी को पार्टी कार्यालय में हलका प्रधान अभयसिंह यादव की अध्यक्षता में होगी। एससी सैल जिलाध्यक्ष ज्ञानेश्वर निंभल ने बताया कि इसमें प्रदेश अध्यक्ष वेदसिंह मुंडे, उपाध्यक्ष वेदप्रकाश नंबरदार, प्रधान महासचिव संपतराम डहीनवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश भारती और पूर्व विधायक रणबीर मंदौला भाग लेंगे।

### 13 पेटी अंगेजी व बीयर शराब के साथ एक काबू

**नारनौल।** सीआईए ने गुप्त सूचना पर पांच पेटी अंग्रेजी व 8 पेटी बीयर के साथ एक आरोपियों को पकड़ा है। जिनकी पहचान रोहिन वासी बिजवाड़ चोहान थाना मुडावर अलवर राजस्थान के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर शराब सहित गाड़ी को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी।

### नाबालिग से छेड़छाड़ का केस दर्ज

**कनीना।** सदर थाना के गांव में नाबालिग लड़की से छेड़खानी करने के आरोप में पुलिस ने तीन व्यक्तियों के खिलाफ पोक्सो सहित विभिन्न धाराओं के दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार तीनों आरोपित गांव कपूरी के बताए गए है। सदर थाना अध्यक्ष निरीक्षक रामनाथ ने बताया कि नाबालिक के परिजनों की शिकायत पर तीन आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें काबू किया गया है। जिन्हें सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया।

# सरकारी डॉक्टर्स व स्टाफ का निजी अस्पताल संचालकों के साथ कमीशन का गठजोड़?

**जांच में कई चेहरों से हट सकता है नकाब, आए दिन सामने आ रहा खेल, स्वास्थ्य विभाग के पास सूची, एक डॉक्टर पर लग चुके हैं आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सरकारी चिकित्सक व स्टाफ निजी अस्पतालों में मरीजों को भेज रहे है। इस एवज में उन्हें मोटा कमीशन मिल रहा है। यह आरोप हम नहीं खुद सरकार ने स्वास्थ्य विभाग को भेजे पत्र में लगाया है। इस पत्र में प्रदेश के अन्य जिलों के साथ-साथ महेंद्रगढ़ जिला के तीन चिकित्सकों को भी चिन्हित किया है। हालांकि चिकित्सक व अन्य स्टाफ की सही व पुख्ता जांच की जाए तो यह आंकड़ा ओर बढ़ सकता है। ऐसे में सीएम फ्लाइंग हो या सीआईडी की टीम भी सरकार के कहे अनुसार पैनी नजर रखे हुए है।

अक्सर यह शिकायतें आम हो चली है कि मरीज सरकारी अस्पताल में किसी बीमारी को लेकर उपचार करवाने पहुंचा तो उन्हें शहर के ही किसी निजी अस्पताल का नाम लेकर वहां बेहतर उपचार होने की बात कही जाती है। मरीज उस निजी अस्पताल में पहुंचे उससे पहले सांठगाठ में शामिल चिकित्सक या स्टाफ की बातचीत हो चुकी होती है। इस तरह निजी अस्पताल का अलग-अलग तरीके से तय किया गया कमीशन उन्हें बाद में मिल जाता है। यह खेल वैसे तो बहुत पहले से चल रहा है। अब तक इस तरह की शिकायतें सरकार तक पहुंची तो




अंदरूनी तौर पर जांच शुरू हुई। इस जांच में ही नारनौल में दो व महेंद्रगढ़ से एक चिकित्सक की रिपोर्ट तैयार की गई।

इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के सीएमओ को भेज पत्र में स्पष्ट तौर पर कहा है कि नागरिक अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सा अधिकारियों के विरूद्ध अनियमितताएं बारे शिकायतें प्राप्त हुई है। यह शिकायतें सरकार के माध्यम से प्राप्त हुई है। जिन पर उचित कार्यवाही करने के आदेश उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए है। साथ ही नारनौल नागरिक अस्पताल में एमआरआई की सुविधा नहीं होने की बात भी लिखी गई।

### नारनौल में दो व महेंद्रगढ़ में एक चिकित्सक

स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सूत्रों की माने तो सीएमओ को भेजे उस पत्र में जिला के तीन चिकित्सकों का जिक्र है। इसमें दो नागरिक अस्पताल से है। दोनों ही महिला चिकित्सक है। एक पर आरोप है कि वह मरीज को हायर सेंटर का रेफर करके नारनौल में ही एक निजी अस्पताल में जाने की सलाह देती है। इनको वहां से कमीशन मिलता है। दूसरी चिकित्सक पर भी यहीं आरोप है कि वह अपने परिचित के निजी अस्पताल में मरीजों को जाने की सलाह देती है। वहीं महेंद्रगढ़ में जिस चिकित्सक पर यह आरोप लगा है कि हायर सेंटर का रेफर करके महेंद्रगढ़ व नारनौल के निजी अस्पताल में जाने की सलाह देते है। वहां इनको कमीशन मिलने की बात कही गई है।

## दो दिन की राहत के बाद फिर बदला मौसम, 2-3 फरवरी को बरसात या बूंदाबांदी

# घने कोहरे से रफ्तार पर लगे ब्रेक

**सुबह 11 बजे तक सूर्यदेव के दर्शन नही, दिन और रात का तापमान गिरा, ठंड ने फिर दिखाए तेवर, बरसात व बूंदाबांदी की भी संभवना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। कोहरे में सड़क से गुजरती स्कूल बस व अन्य वाहन। फोटोः हरिभूमि।

मौसम में सोमवार को फिर से बदलाव देखने को मिला। जिसके चलते सुबह 11 बजे तक घना कोहरा छाया रहा। जिससे सड़क पर वाहन रेंगते हुए नजर आए। वहीं कोहरे के चलते दोपहर में सूर्यदेव के दर्शन हुए। जिससे तापमान में भी कमी आई। बता दें कि गत महीने भर से जिले में घने कोहरे व शीतलहर के चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा था, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से शनिवार व रविवार को तापमान में बढ़ोतरी हुई, साथ ही कोहरा छटने व सूर्य की धूप खिलने से लोगों को कड़ाके ठंड से राहत मिली थी।

जिले में पिछले तीन-चार दिन में मौसम के मिजाज में जबरदस्त तरीके से बदलाव, साथ ही लगातार तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। जिससे सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली के साथ जिले में पिछले 35 दिनों से लगातार रिकॉर्ड तोड़ कड़ाके की ठंड अपने तीखे तेवरों से आगाज किए हुए थी। जिसमें लगातार कोई बदलाव नहीं हो रहा था, लेकिन पिछले 48 घंटों में मौसम ने बार-बार अपने रंग बदला।

### रंग बदल रहा मौसम

जिससे कभी प्रचण्ड ठंड, कभी संघन कोहरा, कभी करारी चमकदार धूप ने अपने रंग दिखाए। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों लगातार मौसम में और अधिक बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विशेषज्ञ डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि पिछले दिनों लगातार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बार-बार हवाओं की दिशा में बदलाव व जेट धाराओं के डायवर्सन से पिछले 35 दिनों से हाड़ कंपा देने वाली ठंड, कोहरा, शीतलहर और शीत दिवस की रिकॉर्ड तोड़ ठंड एक जैसी मौसमी दशाएं बनी हुई थी। उन्होंने बताया कि पिछले दो महीनों से सम्पूर्ण मैदानी इलाके में बारिश व उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी नदारद रही। डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि आने वाले दिनों में एक बार फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा।

जिससे उत्तर भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी व बारिश साथ ही मैदानी राज्यों में विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में बारिश की संभावना बन रही है, क्योंकि आने वाले दिनों में तीन पश्चिमी मौसम प्रणालियां लगातार एक के बाद एक 30 जनवरी, दो फरवरी व पांच फरवरी को उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने वाली है। इस मौसम प्रणाली से 30 जनवरी को एक प्रेरित चक्रवातीय सर्कुलेशन उत्तरी राजस्थान व दक्षिणी पंजाब पर बनने की संभावना है। जिससे हरियाणा एनसीआर दिल्ली में करीब एक सप्ताह लगातार मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा।

डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि सोमवार को हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान 6.0 डिग्री सेल्सियस से 10.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। हालांकि सम्पूर्ण इलाके में रात्रि तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का रात्रि तापमान क्रमशः 9.0 डिग्री सेल्सियस व 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन का तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस से 22.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जबकि जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का दिन का तापमान क्रमशः 22.0 डिग्री सेल्सियस व 19.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### 31 से 5 फरवरी तक मौसम

डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि 31 जनवरी से पांच फरवरी के दौरान बीच-बीच में इन मौसमी प्रणालियों के प्रभाव से पंजाब से सटे जिलों सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, कैथल, जींद, कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, अंबाला, यमुनानगर, पंचकूला सभी जगह हल्की से मध्यम बारिश व तेज गति से हवाएं चलने तथा गरज-चमक के साथ एक दो स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना है। इसके अलावा भिवानी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, चरखी दादरी, झज्जर, रोहतक, गुरुग्राम, मेवात, फरीदाबाद व पलवल आदि जिलों में बिखराव वाली हल्की बारिश/बूंदाबांदी तथा सीमित स्थानों छिटपुट ओलावृष्टि की संभावना बन रही है।

# हकेंवि में नौ से 11 तक 40वीं राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी मेला

- मेले में होंगी विभिन्न 50 प्रकार की प्रतियोगिताएं
- मेले में शामिल होने के लिए पशु पालक नजदीकी पशु अस्पताल में करवाएं पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट पाली में आगामी नौ से 11 फरवरी तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय 40वीं राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी मेले में 50 प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जो पशुपालक प्रदर्शनी में अपने पशुओं को लाना चाहता है वह अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय में जाकर पशु चिकित्सक से 12 डिजिट का टैग लगवाकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

पशुपालन व डेयरी विभाग से उपनिदेशक डॉ. चंद्रभान ने बताया कि इस मेले में गाय, भैंस, बैल, खागड़, भेड़-बकरी, मेंढे, ऊंट, घोड़े, गधे, खच्चर सहित देशी व शंकर नस्ल के उत्तम पशुओं के करीब 50 प्रकार की प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि पशुपालकों को अपने उत्तम नस्ल के पशुओं को लाने व ले जाने के लिए सरकार द्वारा किराया भी दिया जाएगा। इस पशु प्रदर्शनी में उच्च नस्ल के पशु मुर्रा भैंस तथा गायों की हरियाणा साहिवाल, गिर, थारपरकर, राठी, बेलाही व शंकर नस्ले, भेड़ में नाली व हिसार डेल की नस्ल शामिल की गई है। गाय व भैंसों की कैटेगरी में ड्राई व दूध देने वाली गाय-भैंस, 2-4 दांत पाड़ा-पाड़ी, बछड़ियां, ब्रीडिंग बैल आदि शामिल हैं।

हरियाणा नस्ल में बैलों के जोड़ों के साथ की कैटेगरी में भी ईनाम दिया जाएगा। इस पशु मेला में गोशाला के पशुओं के लिए भी अलग-अलग कैटेगरी की प्रतियोगिता रखी गई हैं। अश्व प्रजाति के पशुओं नर-मादा में घोड़ा-घोड़ी, नर-मादा बच्चा खच्चर व नर-मादा गधा की भी आकर्षक कैटेगरी रखी गई है। छोटे पशुओं की कैटेगरी में भेड़-बकरियों की उत्तम नस्ल की व्यस्क व युवा नर-मादा पशु (तीन पशु का ग्रुप) की प्रतियोगिताओं में आकर्षक इनाम रखे गए हैं। उपमंडल अधिकारी डॉ. बलजीत सिंह ने बताया कि जो पशुपालक अपने उत्तम नस्ल के पशुओं को पशु प्रदर्शनी में ले जाना चाहता है वह अपने नजदीक पशु चिकित्सालय में जाकर पशु चिकित्सक से संपर्क करके पशुओं का 12 डिजिट के टैग लगवाकर रजिस्ट्रेशन करवाकर पशु मेला में ला सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन पशुओं का गंभीर बीमारियों के लिए टीकाकरण होना।

# नगर पालिका अटेली व कनीना की मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन 9 को

- 16 फरवरी तक दर्ज होंगे दावे व आपत्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल




नगर पालिका अटेली एवं कनीना की मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन नौ को होगा। यह मतदाता सूची संबंधित विधानसभा के मतदाता सूची से ली गई है। इस सूची को कनीना व अटेली नगर पालिका के वार्ड की मतदाता सूची के लिए ड्राफ्ट मतदाता सूची माना गया है। इसके लिए नौ फरवरी से दावे व आपत्ति आमंत्रित किए जाएंगे।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि इन दोनों नगर पालिकाओं के नागरिक इस मतदाता सूची का अवलोकन कर सकते हैं। यह मतदाता सूची तहसील कार्यालय अटेली व कनीना के अलावा नगर पालिका कार्यालय अटेली तथा कनीना में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि कोई भी नागरिक संबंधित एसडीएम के समक्ष नौ से 16 फरवरी तक अपने दावे व आपत्तियां दर्ज कर सकता है। इसके बाद संबंधित पुनरीक्षण अधिकारी अथवा एसडीएम 27 फरवरी तक उन दावे आपत्तियों का निपटान करेंगे। पुनरीक्षण अधिकारी अथवा एसडीएम के फैसलों से असंतुष्ट नागरिक उपायुक्त कार्यालय में एक मार्च तक दावे व आपत्ति दर्ज कर सकता है। इसके बाद सात मार्च को उपायुक्त की ओर से सुनवाई की जाएगी तथा इसका अंतिम प्रकाशन 18 मार्च को कर दिया जाएगा।

# पंचायत भवन में सीसीटीवी कैमरों पर पंच सरपंच में ठनी

- पंच राजपाल व ग्रामीणों ने पत्र लिखकर सरकार से मांगी थी अपने खर्च पर पंचायत भवन में सीसीटीवी कैमरे लगाने की अनुमति, अपने समर्थक पंचों के साथ सरपंच कर रहे हैं विरोध
- गांव ककराला के पंचायत भवन में कैमरे लगाने पर छिड़ा है विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



कनीना। सीसीटीवी कैमरे लगाने के दौरान गांव में बना तनातनी का माहौल।

खंड के गांव ककराला में बने पंचायत भवन में सीसीटीवी कैमरा लगाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। गांव के पंच व ग्रामीण प्रमोद पंचायत भवन में कैमरे लगाने के पक्ष में है। सरपंच व उनके समर्थित ग्रामीण सहमत नहीं है। इस बारे में ग्रामीणों व पंच राजपाल की ओर से अपने खर्चे पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को आवेदन कर पंचायत भवन में सीसीटीवी कैमरे लगाने की अनुमति मांगी थी।

उन्होंने उपयुक्त को भी पत्र भेजकर स्वीकृति के लिए लिखा था। प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से मिली अनुमति के आधार पर पंचायत भवन में कैमरे लगाने का कार्य शुरू किया गया, तो दोनों ओर से तनातनी हो गई। कैमरे लगाने की शर्त के मुताबिक कमरे में समस्त उपकरण पंचायत के सुपुर्द होंगे।

जरूरत पड़ने पर कैमरे की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग सक्षम अधिकारी के आदेश पर ही जारी की जा सकेगी। पंचायत भवन में लगाए गए समस्त सीसीटीवी कैमरे ग्राम पंचायत की संपत्ति समझी जाएगी। जिसे नुकसान पहुंचने पर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कैमरे लगाते समय पंचायत भवन को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से उपरोक्त शर्तों के आधार पर दी गई स्वीकृति के निर्देश ग्राम सचिव को निर्देश दिए गए।

बीडीपीओ अरुण कुमार ने बताया कि पंचायत भवन में सीसीटीवी कैमरे लगाने के बाद ग्राम पंचायत की ओर से वहां पर घटित होने वाली प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जा सकेगी। सुरक्षा पहलुओं के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे समय की मांग है।

# शिमला में यादव महासभा का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन चार फरवरी को

- दिल्ली ओबीसी आयोग के चेयरमैन सहित मंत्री, विधायक व समाज के बड़े चेहरे होंगे कार्यक्रम में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला से सटे राजस्थान के गांव शिमला के होली चौक पर चार फरवरी को यादव समाज का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन सुबह 11 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम संयोजक विपिन विक्रम शिमला ने बताया कि सम्मेलन में दिल्ली ओबीसी आयोग के चेयरमैन जगदीश यादव मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। जिसकी अध्यक्षता हरियाणा के राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव करेंगे।

हरियाणा पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव, राजस्थान पूर्व गृहमंत्री राजेंद्र यादव, हरियाणा के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राव नरेंद्रसिंह, पूर्व सांसद डॉक्टर करणसिंह यादव, बहरोड विधायक डॉ. जसवंत यादव, तिजारा विधायक बाबा बालक नाथ, विधायक मामन यादव, महेंद्रगढ़ विधायक राव दानसिंह, अटेली से पूर्व विधायक नरेश यादव, नांगल चौधरी विधायक डॉ अभयसिंह यादव, अटेली विधायक सीताराम यादव, नांगल चौधरी पूर्व विधायक राव बहादुरसिंह, शाहपुरा विधायक मनीष यादव, मुंडावर विधायक ललित यादव, तिजारा पूर्व विधायक संदीप यादव, किशनगढ़ बास से पूर्व विधायक रामहेत यादव, युवा यादव महासभा प्रदेश अध्यक्ष दिनेश यादव, युवा यादव महासभा प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र यादव, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मदन यादव, बुहाना प्रधान हरिकिशन यादव, पूर्व प्रधान कृष्ण कुमार यादव, पूर्व प्रधान नीता यादव, चेयरमैन पंकज यादव नारनौल, युवा नेता विनोद कुमार, कर्मचारी संघ सचिवालय अध्यक्ष शेर सिंह, राव ईश्वर सिंह व रामचन्द्र बोहरा आदि होंगे। सम्मेलन में अहीर रेजिमेंट बनाने, समाज में बुराइयों की रोकथाम एवं समाज से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। विपिन यादव ने बताया कि सम्मेलन की तैयारियां जोरों से चल रही हैं।

# परीक्षा-पे चर्चा-2024 का हकेंवि में सीधा प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकप्रिय कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के दौरान विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनाव मुक्त रहने के टिप्स दिए। कार्यक्रम का आरंभ परीक्षा पे चर्चा एंथम, जीवन परीक्षाओं से है भरा, आओ करें परीक्षा पे चर्चा। भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि विद्यार्थी सर्वप्रथम परीक्षा के दबाव को झेलने के लिए सामर्थ्यवान बनाएं। माता-पिता व अभिभावकों से बच्चों की तुलना अन्य बच्चों से न करने की अपील की। उन्होंने शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ लगातार संपर्क व संवाद जारी रखने का अह्वान भी किया।

विद्यार्थियों को बताया कि कैसे परीक्षा के दौरान त्यौहार का वातावरण इसके तनाव से बचें। परीक्षा पे चर्चा 2024 का हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सीधा प्रसारण किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके माता-पिता व अभिभावकों के लिए बहुत उपयोगी बताया। प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए टिप्स विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रखने व निराशा को दूर करने में अवश्य ही मददगार साबित होंगे। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा एनएसएस इकाई के सहयोग से विश्वविद्यालय के मिनी ऑडिटोरियम सहित प्रो. मूलचंद शर्मा सभागार, शिक्षा पीठ के सेमिनार हॉल और प्रशासनिक भवन के सेमिनार हॉल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। विवि के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा के दौरान तनाव, ऑनलाइन शिक्षा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषयों पर चर्चा की।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से हो चुकी हैं सम्मानित

# गरिमा बनी म्हारी लाडो-म्हारी शान की ब्रांड एंबेसडर

- गरिमा पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत : डीसी
- डीसी ने किया नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित गरिमा का सम्मान करती डीसी मोनिका गुप्ता।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित गांव नावदी की गरिमा को उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने सोमवार को अपने कार्यालय में सम्मानित किया। इस अवसर पर डीसी ने इस बच्ची को ताज पहनाकर म्हारी लाडो-म्हारी शान कार्यक्रम की जिला की ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा भी की। उपायुक्त ने बताया कि गरिमा पूरे समाज को प्रेरणा देने का कार्य करेगी। यह बच्ची समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

उन्होंने बताया कि यह दृष्टिबाधित लड़की होते हुए भी साक्षर पाठशाला के जरिए समाज के वंचित बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रही है। यह बहुत बड़ी बात है। इतनी कठिनाइयों के बावजूद भी यह बच्ची इतना सब कुछ करना चाहती है, जबकि जो सामान्य नागरिक है वे कुछ ना कुछ बहाने बनाकर अपनी कमजोरी दिखाना चाहते हैं।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की तर्ज पर जिला महेंद्रगढ़ में चल रहा म्हारी लाडो-म्हारी शान कार्यक्रम के जरिए गरिमा समाज को बहुत बड़ा संदेश देने का कार्य करेगी। इस अवसर पर उन्होंने बच्ची के माता-पिता से भी बातचीत की। उपायुक्त ने कहा कि इस बच्ची को वह अपनी तरफ से कुछ भेंट करना चाहती हैं। माता-पिता इसकी जरूरत के अनुसार कोई भी तकनीकी उपकरण बताएं जो इसके लिए उपयोगी रहे वे इन्हें भेंट करेंगी।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित होने वाली गरिमा प्रदेश की एक मात्र बेटी

22 जनवरी को विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में देश के राष्ट्रपति की ओर से गांव नावदी की गरिमा को सामाजिक कायार्ें के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया गया था। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2024 के लिए देश के सभी क्षेत्रों से असाधारण उपलब्धियों के लिए 19 बच्चों का चयन किया गया था। इन बच्चों में हरियाणा के एक छोटे से गांव की बच्ची का नाम आना जिला महेंद्रगढ़ के लिए गर्व की बात है। गरिमा की इसी उपलब्धि पर उपायुक्त ने उन्हें कार्यालय में सम्मानित किया।

हरिभूमि सहेली



महिलाएं जॉब वर्ल्ड में आ जरूर रही हैं, लेकिन वे अकसर अबला होने की मानसिकता से घिरी रहती हैं, यह मानसिकता उनकी तरक्की के मार्ग में बाधक है। आपको अगर सक्सेसफुल प्रोफेशनल बनना है, तो अबला होने की मानसिकता से उबरना होगा। पूरे कॉन्फिडेंस के साथ बहुत ही समझदारी से अपनी सभी जिम्मेदारियां निभानी होंगी, तभी आप सक्सेसफुल कहलाएंगी।

# प्रोफेशनल फील्ड में ऐसे जमाएं अपनी धाक

कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन

इसमें कोई दो राय नहीं कि पुरुषों की तुलना में वर्किंग वूमेन के सामने ज्यादा चैलेंजेस होते हैं। उनकी तरक्की की राह में बार-बार रोड़े अटकाए जाते हैं। परिवार के सदस्य भी उनसे असंतुष्ट रहते हैं। घर में कभी पति, कभी सास और ऑफिस में कभी बॉस या कभी कुलीग्स उन पर तंज कसते रहते हैं। कई लोग तो महिलाओं की कामयाबी के पीछे हमेशा कोई गलत एंगल तलाशते हैं। कई बार महिलाएं इन बातों से घबरा जाती हैं। अपने करियर को बीच में ही रोक कर घर बैठ जाती हैं, वहीं कुछ महिलाएं इन अड़चनों का साहस के साथ सामना करती हैं, वर्किंग वूमेन के रूप में अपने आपको साबित करती हैं। अगर आप भी वर्किंग वूमेन हैं तो अपनी तरक्की की राह में रोड़ा बनी मुसीबतों को दूर करके सफलता के शिखर पर पहुंच सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ बातों को अमल में लाना होगा। इन्हें अपनी काबिलियत बनाना होगा।

**बोल्ड, फ्रेंक एंड फेयर स्पीकर बनें :** किसी भी वर्किंग वूमेन में अगर ज्यादा लचीलापन दिखेगा या वह संकोचवश चुप रहेगी, तो लोग इसका गलत अर्थ निकालेंगे, उसकी चुप्पी का फायदा भी उठाएंगे। चाहे मामला सैलरी के निगोसिएशन का हो या मीटिंग रूम में किसी टीम मेंबर या टीम लीडर के रूप में हो, आप जब दृढ़ता-स्पष्टता से बोलेंगी, तभी लोग आपको गंभीरता से लेंगे। आप अगर टीम लीडर हैं, आपकी टीम का कोई मेंबर ढंग से काम नहीं कर रहा है, तो उसे स्पष्ट बता दें कि उसके काम का यह तरीका सही नहीं है, यदि वह रिजल्ट नहीं देगा तो आप सहन नहीं करेंगी।



**अपना एटिट्यूड रखें प्रोफेशनल :** आपको सफल होना है तो बार-बार महिला होने का रोना, उसका फायदा उठाने की आदत छोड़नी होगी। कई महिलाएं अकसर ऑफिस देर से पहुंचती हैं, घर के काम की मजबूरी का बहाना बनाती हैं। यह गलत रवैया है। यदि ऑफिस में रेपुटेशन बनानी है, सफल होना है तो प्रोफेशनल एटीट्यूड रखें। हर रोज ऑफिस, मीटिंग या किसी भी अन्य काम के लिए सही समय से पहुंचें और पूरी शिद्दत से काम करें। डेडलाइंस को उतनी ही सीरियसली लें, जितना सीरियसली आप ट्रेन छूटने के टाइम को लेती हैं। यह भी जान लें, लोगों के सहयोग के बिना आगे बढ़ना मुश्किल है। सहयोगियों को आपके द्वारा सराहे जाने और फ्रेंडली पेश आने के तीन फायदे हैं- पहला लोग आपकी लेग पुलिंग नहीं करेंगे, दूसरा-आप द्वारा दिए गए काम को लोग पूरी जिम्मेदारी और मेहनत के साथ करेंगे, क्योंकि उन्हें पता है कि सफलता का क्रेडिट आप सबको देने वाली हैं, तीसरा बॉस की नजर में आपकी अहमियत बढ़ जाएगी, वे आपको एक कामयाब प्रोफेशनल वूमेन मानेंगे।

**अगर लेना हो प्रेग्नेंसी या सिकनेस ब्रेक :** कई बार प्रेग्नेंसी, किसी गंभीर बीमारी या पारिवारिक दायित्व की वजह से महिलाओं को लंबी छुट्टी या जॉब से ब्रेक लेना पड़ता है। लेकिन ध्यान रहे, यह ब्रेक आपके करियर की राह को ना तोड़े। ब्रेक के दौरान अपने आपको अपडेट करती रहें। ऑफिस कुलीग्स से फोन, ई-मेल या सोशल नेटवर्किंग के माध्यम से जुड़ी रहें ताकि आप वर्किंग वर्ल्ड से पूरी तरह अलग ना हो जाएं। ब्रेक के बाद खुद को मानसिक-शारीरिक रूप से तैयार करें और फिर से काम करने के लिए मैदान में आ जाएं। अगर पिछली नौकरी छूट भी गई है, तो आपको दोबारा मिल सकती है। अच्छे व्यवहार, मेहनती और डिवोटेड वर्कर की अपनी इमेज के बूते आपके लिए दोबारा नौकरी हासिल करना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा।



### अपने टैलेंट की करें पब्लिसिटी

**जब तक** आप अपनी प्रतिभा, कौशल और उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताएंगी नहीं, उन्हें कैसे पता चलेगा कि आपमें भी कुछ 'दम' है। ऑफिस में जब भी कुछ उल्लेखनीय करती हैं तो अपने बॉस और कुलीग्स को जरूर बताएं। आपने कोई डिप्लोमा-डिग्री ली है, कहीं सम्मानित की गई हैं, किसी बड़े क्लाइंट से ऑर्डर हासिल किया है, कोई प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक पूरा किया है, तो बातों ही बातों में इसका जिक्र सबके सामने करें ताकि लोग आपकी इंपॉर्टेंस समझें, आपको गंभीरता से लें। चुपचाप काम करते रहने वाली महिलाओं की कोई कद्र नहीं होती, लोग उन्हें 'अंडरएस्टीमेट' करते हैं, इतना ही नहीं 'टेक इट फॉर ग्रांटेड' भी लेते हैं।

### सही ढंग से करें मैनेज

**वर्किंग वूमेन** की सबसे बड़ी प्रॉब्लम होती है टाइम की कमी, क्योंकि उन्हें दोहरी जिम्मेदारी संभालनी पड़ती है। इसलिए वर्किंग वूमेन के रोल में आप इस तरह मैनेज करें-

- कुछ समय अपने लिए जरूर बचाएं। परिवार के लोगों में काम बांटकर अपने काम का बोझ कम करें। पति और बच्चों के साथ-साथ दूसरे लोगों से छोटे-मोटे काम करवाने की आदत बनाएं।
- घरेलू नौकर, मेड आदि कुछ रुपयों के बदले कई छोटे-मोटे काम कर देते हैं, इससे काफी समय बच जाता है।
- टेलीफोन, बिजली, इंश्योरेंस जैसे रेग्युलर बिल ऑनलाइन पेमेंट करें। इससे आपका काफी समय बचेगा।
- ऑफिस आने-जाने में काफी समय लगता हो तो बस, कैब या ट्रेन में मोबाइल या टैब से मेल चेक करें, उनका जवाब दें, जरूरी कॉल करें, जरूरी कामों की लिस्ट बनाएं और दिनभर के कामों की प्लानिंग करें। इस तरह आप समय का सदुपयोग कर लेंगी।
- शॉपिंग के लिए बाजार में घंटों भटक कर समय बर्बाद करने की बजाय ऑनलाइन शॉपिंग की आदत डालें। आपको घर बैठे-बैठे कई अच्छे ऑप्शन मिलेंगे।

# घर के बड़े-बड़े काम बना देती है महिलाओं की छोटी-छोटी बचत



घरेलू वित्तीय प्रबंध में महिलाओं की बचत समय-समय पर बहुत ज्यादा मददगार साबित होती है। महिलाएं इस बचत को व्यवस्थित ढंग से करें, तो उनकी बचत और ज्यादा उपयोगी होगी, घर का वित्तीय आधार मजबूत होगा, परिवार में सुख-समृद्धि आएगी। आपके लिए एक जरूरी सलाह।

मनी मैनेजमेंट / नम्रता नदीम

भारतीय गृहिणियों को उनके पति कितने भी कम पैसे दें, लेकिन वो कुछ ना कुछ जरूर बचा लेती हैं। चुपके से उनके द्वारा कुछ ना कुछ बचा ली गई यह रकम कई बार ऐसे बड़े-बड़े काम बना देती है, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए पुरुषों को बचत का महत्व और गुर महिलाओं से सीखना चाहिए।

**तरीका बहुत अनौपचारिक :** भारतीय महिलाएं, दस-दस, बीस-बीस रुपए जोड़कर भी हजारों रुपए इकट्ठा कर लेती हैं फिर उनसे घर की कोई ऐसी चीज खरीद ली जाती है, जिसे एकमुश्त खरीदने में अच्छी-खासी रकम की जरूरत होती है। दरअसल, कोई भी महिला खासतौर पर गृहिणी अपना कोई भी बजट अपने पास मौजूद रकम को देखकर ही बनाती है। महिलाओं के बचत करने का तरीका भी बहुत अनौपचारिक और बिल्कुल भी दबाव या बोझ से मुक्त होता है। मसलन, वे दस-बीस रुपए भी रसोई के किसी डिब्बे में चुपचाप डाल देती हैं। एक दिन जब किसी चीज की बहुत जरूरत होती है, तो उस समय वह बचाई राशि बहुत काम आती है।

**पूरे करती हैं बड़े-बड़े सपने :** वित्तीय योजनाकारों का मानना है कि अगर महिलाओं को थोड़ी सी फाइनेंस प्लानिंग अच्छे से समझा दी जाए तो वे अपनी छोटी-छोटी बचतों से बड़े-बड़े सपने पूरे कर लेती हैं। हालांकि महिलाओं की बचत का यूं तो कोई अलग से आंकड़ा नहीं है, लेकिन माना जाता है कि भारत में जो नियमित घरेलू बचत होती है, उसमें करीब 60 फीसदी से ज्यादा बचत महिलाओं के जरिए या उनके प्रयास से होती है। इस बजट में भी 20 से 25 फीसदी बचत गुप्त बचत के रूप में होती है, जिसका पहले से घर के मुखिया को या घर के आर्थिक बजट को संभालने वाले को पता नहीं होता। ऐन वक्त पर महिलाओं की यह बचत एक बड़ी राहत के रूप में सामने आती है। यही नहीं जब महिलाएं व्यवस्थित ढंग से छोटी वित्तीय योजनाओं में निवेश करती हैं, तो वहां भी कमाल कर देती हैं।

**सुधारें अपनी शॉपिंग हैबिट्स :** पूरी बचत नियंत्रण प्रक्रिया में एक नियंत्रण जो आसानी से हमारी बचत प्रक्रिया को मजबूत करता है, वह है हमारी शॉपिंग हैबिट्स, जिसमें अकसर महिलाएं कमजोर साबित होती हैं। असल में उपभोक्ता बाजार ऐसे हथकंडे अपनाता है कि आप बिना जरूरत की भी शॉपिंग करती हैं। इसलिए जिस चीज की जरूरत ना हो, उसे कभी ना खरीदें। क्योंकि यह खरीदना आपकी समझदारी नहीं बल्कि बाजार की आपको फंसाने की सोची-समझी चाल होती है। इससे बचने का एक सीधा तरीका यह है कि जब शॉपिंग करने जाएं तो घर से ही एक लिस्ट बना लें और दृढ़ता के साथ उस लिस्ट के मुताबिक ही शॉपिंग करें। सेल्समैन के बहकावे पर कुछ ना खरीदें। फिर चाहे वह चीज कितनी ही सस्ती क्यों ना हो। अगर इन कुछ उपायों को अपनाएंगी तो आप भी ना केवल एक बेहतरीन होम मैनेजर बन सकेंगी बल्कि उम्मीद से भी कहीं ज्यादा बचत भी कर सकेंगी, जो आपके आड़े वक्त में सबसे बड़ी मददगार साबित होगी।



### ऐसे करें बचत

- सबसे पहले अपने खर्चों की एक डायरी बना लें, जिसमें नियमित रूप से सारे खर्च दर्ज करें।
- उन छोटे-छोटे खर्चों पर विशेष नजर रखें, जो पहले से तय नहीं होते, लेकिन करीब-करीब हर महीने होते हैं।
- एक-दो महीने नहीं लेकिन अगर आप कम से कम चार-पांच महीनों तक अपने खर्चों पर नजर रखती हैं तो आसानी से जान लेती हैं कि खर्चों में कौन से गैरजरूरी खर्चे हैं, जिन्हें काटा जा सकता है।
- बचत और खर्च के बीच संतुलन बनाए रखें, वर्ना आपका बजट बिगड़ते देर नहीं लगेगी।

# जब अनजान लोगों के बीच आप फील करें ऑकवर्ड

एडवाइस / अंजू जैन

अकसर कुछ लोग ऐसे फंक्शंस या पार्टी में जाने से बचते हैं, जहां लोग उनके परिचित नहीं होते। ऐसी जगह पर उन्हें अनजान लोगों के बीच ऑकवर्ड फील होता है। ऐसे में कुछ बातों का ध्यान रखें तो यह असहजता आप नहीं महसूस करेंगी।

**कॉन्फिडेंट रहें :** ऐसी जगह जहां कोई पूर्व परिचित ना हो, शुरू-शुरू में आप थोड़ा सा अनकंफरटेबल फील कर सकती हैं। लेकिन कॉन्फिडेंस बनाए रखें। जरा भी घबराएं नहीं।

**माहौल को जानें-समझें :** सबसे पहले अपने आस-पास खड़े लोगों की जानें–समझें, उनमें परस्पर चल रही बातचीत के विषय पर ध्यान दें। अगर तीन-चार लोग झुंड बनाकर खड़े हैं, कोई बात कर रहे हैं तो आप भी उनकी गपशप में शामिल हो जाएं। एक बार बात शुरू होगी तो लोग आपसे जुड़ते चले जाएंगे और आपका समय आराम से बीत जाएगा।



**ड्रेस का सेलेक्शन सही करें :** किसी भी पार्टी या सार्वजनिक समारोह में जाएं तो संवर कर जाएं। ड्रेस के सेलेक्शन से लेकर हेयरस्टाइल, चेहरे के ग्लो, फुटवियर, बेल्ट सब कुछ आकर्षक और ट्रेंड के अनुसार हो, इस बात का विशेष ध्यान रखें। आपका लुक लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करने वाला होना चाहिए, फर्स्ट इंप्रेशन आपके गेटअप से ही बनता है।

**हेल्प ऑफर करें :** आप सिर्फ होस्ट को जानती हों या अपनी फैमिली को रिप्रेजेंट कर रही हैं तो उनके पास जाएं। नमस्कार करें, बधाई दें और पूछें कि आप उनकी क्या मदद कर सकती हैं? इससे अटेंडेंस तो नोट होगी ही, हो सकता है वे आपको कोई काम देकर बिजी भी कर दें। अगर काम ना भी बताया तो आपकी पर्सनालिटी का अच्छा इंप्रेशन उन पर पड़ेगा।

**पार्टी को एंज्वॉय करें :** किसी कोने में अलग-थलग खड़े रहने या गुमसुम किसी कुर्सी पर बैठ जाने की बजाय गैदरिंग के माहौल को एंज्वॉय करें। खान-पान, म्यूजिक, गॉसिप आदि में इंवॉल्व हों।

### किसी अकेले को ढूंढ़ लें

**अगर आप** किसी ऑकेजन में अकेली हैं तो चारों तरफ नजर दौड़ाएं। कहीं ना कहीं कोई आपको आप जैसा ही अकेला नजर आ जाएगा। आगे बढ़कर उसके पास जाएं और किसी भी टॉपिक पर बातचीत शुरू कर दें। पहला वाक्य यह भी हो सकता है, 'आप भी अकेली आई हैं क्या? मैं तो सिर्फ होस्ट को जानती हूं।' इससे आपकी उससे बातचीत शुरू हो जाएगी।

सोना, चांदी हो या हीरा मोती, इनकी ज्वेलरी की चमक समय के साथ कम होने लगती है। लेकिन कुछ आसान उपायों से आप इन्हें फिर से नई ज्वेलरी जैसा चमका सकती हैं। जानिए कुछ यूजफुल टिप्स के बारे में।

# पुरानी ज्वेलरी में आएगी नई चमक

केयर / मधु सिंह

यह सही है कि पुराना होने पर किसी भी मेटल से बने जेवर की चमक फीकी पड़ने लगती है। दरअसल, लगातार या बार-बार पहने जाने के कारण गहनों में धूल, मिट्टी, पसीना, गर्मी, सर्दी और बारिश के मौसम का प्रभाव पड़ता है। अगर इन पर ध्यान ना दिया जाए तो ये अपनी चमक खो देते हैं। अगर थोड़ी सी सजगता से घर पर ही अपने गहनों की साफ-सफाई की जाए तो ये ना सिर्फ फिर से चमकने लगते हैं बल्कि अपनी भरपूर आभा बिखेरते हुए नए जैसे लगने लगते हैं।

**चमक उठेगी सिल्वर ज्वेलरी :** चांदी सफेद रंग की होती है, इसलिए इसकी ज्वेलरी पर पसीने और धूल-मिट्टी का असर बहुत जल्दी दिखने लगता है। चांदी का गहना सोने के गहने के मुकाबले बहुत जल्दी ही अपनी रंगत खो देता है। ऐसे गहनों को फिर से सफेद और चमकदार बनाने के लिए आप ये घरेलू उपाय आजमा सकती हैं।

- दो चम्मच बेकिंग सोडा और आधा कप सिरके में कम से कम दो घंटे के लिए सिल्वर ज्वेलरी को भिगो दें। दो घंटे बाद इसे ठंडे पानी से धो लें, गहना फिर से चमकने लगेगा।
- चांदी के जेवर को खट्टी दही से भी चमकाया जा सकता है। खट्टी दही में कुछ देर के लिए चांदी के गहनों को भिगो दें। आप देखेंगी कि जल्द ही इन गहनों में चढ़ा सारा मैल कट कर निकल जाएगा। मैल के बाहर आते ही ये गहने फिर से चमकने लगेंगे।
- चांदी के गहनों को सामान्य डिटर्जेंट से भी चमकाया जा सकता है। इसके लिए गुनगुने पानी में डिटर्जेंट मिलाएं और फिर चांदी के गहनों को इसमें डुबो दें। करीब एक घंटे के बाद सॉफ्ट टूथब्रश से रगड़ लें। अब इसे ठंडे पानी से धो दें। सारा मैल निकल जाएगा और ये चमकने लगेंगे।
- टूथपेस्ट से भी सिल्वर ज्वेलरी में चमक आती है। इसके लिए ज्वेलरी पर अच्छी तरह से टूथपेस्ट लगाएं और फिर उसे गर्म पानी में डुबो दें। आधे घंटे के बाद इसे बाहर निकाल कर सॉफ्ट टूथब्रश से अच्छी तरह से रगड़ कर साफ करें, फिर साफ मुलायम और सूखे कपड़े से पोंछें। चांदी के गहनों में चमक आ जाएगी।
- रीठे के पानी में भिगोकर साफ करने से भी चांदी के जेवरों में चमक आ जाती है।

**नई जैसी दिखेगी गोल्डेन ज्वेलरी :** सोने के जेवर को निखारने के लिए भी आप कुछ सरल घरेलू उपाय आजमा सकती हैं।

- एक बड़े कटोरे में आधा कप सिरका डालें, उसमें दो चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं और इस मिश्रण में अपने सोने के गहने को दो से तीन घंटे के लिए डुबो दें। तीन घंटे के बाद इसे निकालकर ठंडे पानी से धो लें, फिर सूखे मुलायम कपड़े से हल्के हाथों से इन्हें अच्छी तरह से पोंछ दें। गोल्ड ज्वेलरी की खोई हुई चमक लौट आएगी। सोने के गहनों की चमक वापस लाने में उबले हुए रीठे का पानी भी कारगर होता है।
- गरम पानी में अच्छी क्वालिटी का डिटर्जेंट पावडर और 1 चम्मच अमोनिया मिलाकर इस घोल में अपने सोने के गहनों को कुछ देर के लिए पड़ा रहने दें, फिर इन्हें निकाल कर साफ-ठंडे पानी से धो लें। इनकी खोई हुई चमक लौट आएगी।
- सोने के गहनों की चमक फिर से वापस लाने के लिए थोड़े से पानी में 1 चम्मच हल्दी डालकर इसे उबाल लें। फिर इस पानी में रात भर के लिए सोने के गहनों को डालकर रखें। फिर अगले दिन सॉफ्ट ब्रश से हल्के हाथों से रगड़ लें। गहने चमकने लगेंगे।

**डायमंड-पर्ल ज्वेलरी के लिए :** सोने, चांदी के अलावा अगर आपके पास हीरे (डायमंड) या मोती (पर्ल) के जेवर हैं तो इन्हें भी आप घर में चमका सकती हैं। इसके लिए गर्म पानी में थोड़ा शैंपू घोलें और उसे एक मुलायम ब्रश से गहने पर अप्लाई करें, लेकिन इसे घोल में डुबोएं नहीं। ना ही सादे पानी में धोएं। केवल पानी में धोने से इसमें दाग पड़ जाते हैं और घोल में डुबोने पर यह अपनी चमक खो सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि जब मोती के गहने चमकाने हों तो उन्हें बेहद सॉफ्ट कपड़े पर रखकर ही ऐसा करें।



स्पेशल: 4 फरवरी, वर्ल्ड कैंसर-डे

# सही लाइफस्टाइल-प्रॉपर चेकअप कैंसर से संभव है बचाव

अवेयरनेस / रजनी अरोड़ा

आजकल भारतीय महिलाओं में कैंसर के मामले जिस तेजी से बढ़ रहे हैं, वो चिंताजनक है। पहले यह बीमारी अधिकतर बड़ी उम्र की महिलाओं में देखने को मिलती थी, लेकिन आजकल 50 साल से कम आयु की महिलाएं भी इसकी शिकार हो रही हैं। आंकड़ों के मुताबिक हमारे देश में हर साल 5 लाख से ज्यादा महिलाएं कैंसर की चपेट में आती हैं, जिनमें से तकरीबन 3 लाख अपनी जान गंवा देती हैं।

**क्या है वजहें:** अव्यवस्थित और आरामतलब जीवनशैली, अनहेल्दी फूड हैबिट्स, मोटापा, आनुवांशिकता, असुरक्षित यौन संबंध, गर्भनिरोधक गोलियों का अत्यधिक प्रयोग, पर्सनल हाइजीन का ध्यान ना रखना, हार्मोन संबंधी असंतुलन, एल्कोहल-स्मोकिंग का बढ़ता चलन, देर से शादी और प्रेगनेंसी, शिशु को स्तनपान ना करवाना और सुंदर दिखने के लिए हार्मोन थेरेपी का उपयोग आदि इसके प्रमुख कारण हैं। इनके अलावा सही समय पर स्क्रीनिंग और अर्ली स्टेज में डायग्नोज ना हो पाना भी महिलाओं में बढ़ते कैंसर का एक बड़ा ।कारण है।

**प्रमुख प्रकार और लक्षण :** महिलाओं में ब्रेस्ट, सर्वाइकल, ओवेरियन, एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर अधिक देखने को मिलते हैं। इनके लक्षण इस प्रकार हैं-



**सर्वाइकल कैंसर :** पीरियड्स ज्यादा होना, पीरियड्स के बीच में ब्लीडिंग, सेक्स के बाद ब्लीडिंग, सफेद बदबूदार पानी ज्यादा आना, पेट के निचले हिस्से और वेजाइना में दर्द आदि।

**ब्रेस्ट कैंसर :** ब्रेस्ट या आर्मपिट्स में कोई दर्दरहित गांठ, स्किन में खिंचाव या किसी तरह का बदलाव होना, ब्रेस्ट की स्किन सख्त होना, लालिमा, सूजन होना, निप्पल से सफेद रंग के द्रव का स्राव आदि।

**ओवेरियन कैंसर :** अपच होना, भूख ना लगना, उल्टी महसूस होना, गैस बनना, पेट में पानी भर जाना, पेट फूलना, पेट के निचले हिस्से में सूजन, ऐंठन और दर्द के अलावा सेक्स के दौरान दर्द।

**एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर :** मेनोपॉज होने के बावजूद हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण बड़ी उम्र में अचानक असामान्य रूप से ब्लीडिंग होना, जो शुरू में कम और धीरे-धीरे काफी तेज हो जाती है।

**बचाव के उपाय :** युवतियों को शादी के बाद साल में एक बार डॉक्टर के पास विजिट जरूर करना चाहिए और रूटीन मेडिकल चेकअप करवाना चाहिए। अगर अर्ली स्टेज पर डायग्नोज हो जाए, तो 90 प्रतिशत मरीज पूरी तरह ठीक हो जाते हैं। चूंकि, ह्यूमन पेप्पिलोमा वायरस को कैंसर की स्टेज तक आने में 10-15 साल लगते हैं। इस दरम्यान पैपस्मीयर टेस्ट करवाने पर कैंसर अर्ली स्टेज पर डायग्नोज हो जाता है, तो समुचित उपचार से बचा जा सकता है। लिहाजा 21 साल की उम्र के बाद पैपस्मीयर टेस्ट करवाएं। इसके बाद हर 3 साल के अंतराल में और 40 साल की उम्र के बाद 5 साल के अंतराल में यह टेस्ट करवाएं। सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 9-16 साल के बीच लड़कियों को 0-2-4 महीने के अंतराल पर एचपीवी वैक्सीन जरूर लगवाएं। नहाते समय प्राइवेट पार्ट्स को नियमित रूप से चेक करें कि कुछ असामान्य लक्षण ना हों यानी डिस्चार्ज ना हो रहा हो। इनकी सफाई, सेफ्टी और हाइजीन का विशेष ध्यान रखें। परिवार में ब्रेस्ट कैंसर की हिस्ट्री है, तो स्क्रीनिंग नियमित रूप से कराएं। 20-22 साल की उम्र की लड़कियां हर महीने पीरियड्स के 4-5 दिन बाद खुद ब्रेस्ट परीक्षण करें। 38-40 साल की उम्र में एक बार ब्रेस्ट की अल्ट्रासाउंड, 40-45 साल की उम्र के बाद 2 साल में एक बार मेमोग्राम और 55 साल के बाद हर दो साल में ब्रेस्ट-स्क्रीनिंग जरूर कराएं।

एंडोमेट्रियल यूटरस कैंसर का पता लगाने के लिए मेनोपॉज के बाद 5 साल के अंतराल पर पैप स्मीयर टेस्ट जरूर कराएं, जिससे यूट्रस की स्थिति का पता चल सके। अगर बिना किसी वजह के लगातार अपच या पेट दर्द की समस्या एक महीने तक बनी रहे तो ऑन्कोलॉजिस्ट से जरूर कंसल्ट करें। परिवार में ओवरी कैंसर की हिस्ट्री है, तो 18 साल की उम्र से ही साल में एक बार स्क्रीनिंग जरूर कराएं।

**(सीनियर सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. उमंग मित्तल से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### मोहनपुर में नशा मुक्त जागरुकता कार्यक्रम

**नारनौल।** नशा मुक्त अभियान के तहत गांव मोहनपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एडिशनल एसपी प्रबिना पि ने नशा मुक्त अभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को नशा न करने की शपथ दिलाते हुए जिले को नशा मुक्त बनाने का आह्वान किया। मौके पर गहली चौकी प्रभारी एएसआई संजय व ग्रामीण मौजूद रहे।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**रेवाड़ी।** बावल रोड पर करनावास के निकट ऑटो की टक्कर से एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। भिवानी के बहल निवासी नरेश बावल की एक ट्रांसपोर्ट पर कार्यरत है। बावल से रेवाड़ी आते समय बाइक को करनावास के निकट ऑटो ने टक्कर मार दी। घायल नरेश को निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

### कई लोगों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**कुंड।** बास बटौड़ी में युवक व उसके परिजनों से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने गांव के 13 लोगों पर केस दर्ज किया है। संदीप ने अपने पड़ोसी अशोक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसके व परिजनों के साथ अशोक और परिवार के 12 अन्य ने मारपीट की।

राजकीय महाविद्यालय में वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी

# बच्चों ने 16 मॉडल प्रस्तुत कर विज्ञान का महत्व समझाया

विभिन्न विभागों के 32 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के 32 विद्यार्थियों ने 16 मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिभा को प्रोत्साहित करना, उन्हें विज्ञान से जुड़े विषयों में गहरी रूचि और उत्साह देना, विज्ञान के महत्व को समझने का मौका प्रदान करना था। प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों पर वैज्ञानिक प्रयोग, प्रस्तुतियां, प्रोजेक्ट्स और प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्यातिथि पीडब्ल्यूडी बीएंडआर उपमंडल अभियंता केके यादव रहे। मुख्यातिथि केके यादव ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में छात्रों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में इस विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, जो सराहनीय कदम है। प्राचार्य मेजर एमआर लांबा ने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भी हमारे कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन शानदार रहेगा और इन विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए भी अवश्य होगा। पुरस्कार वितरण समारोह में राजकीय महाविद्यालय लोहारू प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार चहल ने मुख्यातिथि विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया व विभिन्न प्रस्तुत मॉडलों पर अपने विचार सांझा किए। कार्यक्रम संयोजक प्रो. विजय यादव ने बताया कि विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडल के माध्यम से साइंस के माध्यम से जीवन में होने वाले बदलावों व भविष्य की जरूरतों को दशार्या है। उन्होंने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी द्वारा विद्यार्थियों में साइंस के प्रति जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन में छह विषय फिजिक्स, केमिस्ट्री, वनस्पति विज्ञान, जूलोजी, ज्योग्राफी, कंप्यूटर साइंस के 16 मॉडल प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में डॉ. डीआर. भारद्वाज, प्रो. विकास एवं प्रो. सपना ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। जिसमें रोहित एवं अंकित की टीम ने भौतिकी विषय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हितेश एवं कुलदीप की टीम का मॉडल केमिस्ट्री विषय में प्रथम रहा। विवेक एवं देवेश की टीम ने ज्योग्राफी में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



महेंद्रगढ़। प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि



### मंडी अटेली: राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली में साइंस एग्जीबिशन कार्यक्रम आयोजित

**मंडी अटेली।** राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली में आर्य भट्ट टैक्नो सोसायटी मेरी क्यूरी सोसाइटी एवं कुमारी चर्चिल ज्योग्राफीकल सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में कॉलेज लेवल साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. प्रवीण यादव ने की एवं इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विक्रम सिंह प्राचार्य गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज उन्हानी थे। इस प्रतियोगिता में भौतिकी, रसायन शास्त्र एवं ज्योग्राफी के लगभग 15 मॉडल प्रदर्शित किए गए। रसायन शास्त्र में प्रथम स्थान वोकल फॉर लोकल मिनी इंडस्ट्री भौतिकी में प्रथम स्थान एनर्जी एफिशिएंट स्मार्ट सिटी को एवं ज्योग्राफी में प्रथम स्थान प्रोसेस ऑफ रिमॉट सेंसिंग के मॉडल को मिला। विजेता प्रतिभागियों को 31 जनवरी को होने वाली जिला स्तरीय साइंस एग्जीबिशन में भाग लेने का मौका मिलेगा। इस मौके पर समस्त स्टाफ स्टाफ मौजूद था।



### देवयानी स्कूल में विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**महेंद्रगढ़।** देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल के बच्चों ने गणंतत्र दिवस पर कनीना में ब्लॉक स्तरीय प्रोग्राम में देशभक्ति गीत पर खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य में भाग लेने वाले विद्यार्थी मुस्कान चौधरी, कशिश राव, खुशी यादव, दिव्या चौधरी, निशा राव, सुहानी यादव, प्रिया चौधरी, निशा यादव, जोया, नैन्सी राव , वंशिका को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बच्चों के इस प्रोग्राम को तैयार करने का श्रेय सांस्कृतिक विंग हैड ममता शर्मा को दिया जाता है। उन्होंने ही बच्चों में देशभक्ति की भावना भरकर उनमे देश भक्ति का जज्बा पैदा किया। बच्चों ने अपने नृत्य में देश भक्ति का परिचय देते हुए खूब तालियां बंटोरी।



### राजकीय महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता

**सतनाली मंडी।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. सुधीर लांबा की अध्यक्षता में रेड रिबन व रेडक्रॉस अधिकारी डा. सुनीता भारद्वाज के निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने रंगोली बनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. सुधीर लांबा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों के कला कौशल का विकास होता है और जागरूकता आती है। प्रो. विरेंद्र सिंह ने कहा कि एचआईवी/एड्स विषय पर कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य समाज में जागरूकता लाना है। डा. सुनीता भारद्वाज ने बताया कि प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम, दीपक द्वितीय व मधुबाला तथा साक्षी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डा. नीलम, डा. कमला यादव, अजीत सिंह, डा. मनीषा यादव, डा. रितु यादव ने निभाई।

## तनाव मुक्त पढ़ाई करने पर ही मिलेंगे अच्छे अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास में प्राचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में विद्यार्थियों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष दयाराम यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री का संदेश सुना, जिन्होंने परीक्षा की बेहतर तैयारी करने के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा नजदीक आते ही अभिभावक सख्त होकर बच्चों पर बेहतर अंक हासिल करने का दबाव बनाते हैं। दबाव से चिंतित बच्चे तनावग्रस्त होकर पढ़ाई करते है, जिस कारण उनकी एकाग्रता नहीं बन पाती। ऐसे में अभिभावकों को सर्तकता बरतने की जरूरत है, उन्हें बच्चों को नियमित दिनचर्या के अनुसार ही पढ़ाई करवानी चाहिए। तैयारी के दारान अंकों पर फोकस नहीं करें तो अच्छा रहेगा, क्योंकि अंकों के दबाव से मानसिक क्रिया स्थिर नहीं हो पाती। मोदी ने विद्यार्थियों को नशाखोरी से दूर रहने का संदेश दिया।



## आशु यादव ने की अंग्रेजी विषय में नेट परीक्षा पास

- चेयरपर्सन संगीता ने छात्रा को बधाई दी उज्ज्वल भविष्य की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन से शिक्षा प्राप्त छात्रा आशु यादव पुत्री अनिल यादव निवासी ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया है। हैड अरविंद्र यादव ने बताया कि आशु यादव विद्यालय की होनहार छात्रा रही है, जिसने अपनी 12वीं परीक्षा यदुवंशी महेंद्रगढ़ से 2018 में विज्ञान संकाय में अव्वल अंकों से पास की और अब उसने नेट (राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा) अपने प्रथम प्रयास में अंग्रेजी विषय में उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। आशु से पूछे जाने पर उसने अपनी सफलता का श्रेय स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत अपने दादा डॉ. जुगलाल यादव द्वारा दिए गए प्रोत्साहन एवं अपने विद्यालय द्वारा दी गई सर्वश्रेष्ठ शिक्षा प्रणाली को दिया। यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, निदेशक विजय सिंह यादव, वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव एवं चेयरपर्सन संगीता यादव ने छात्रा को बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



आशु यादव।

## बीआर स्कूल में परीक्षा पे चर्चा पर दिखा उत्साह

- परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण विद्यार्थियों को दिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बीआर स्कूल सेहलंग में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण विद्यार्थियों को दिखाया गया। परीक्षा पे चर्चा का यह सातवां संस्करण था, जो भारत मंडपम, आईटीपीओ, प्रगति मैदान, नई दिल्ली से प्रसारित किया गया। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से आरंभ हुआ तथा कार्यक्रम में विद्यालय के छठी से 12वीं कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों से संवाद की शुरूआत में कहा कि आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने आपके लिए बहुत सुविधाएं कर दी है। आप अपना क्षेत्र और राह स्वयं बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें हर स्थिति में सही निर्णायक बनने जैसे गुण विद्यार्थियों में विकसित करने चाहिए। उन्होंने उदाहरण के माध्यम से समझाया कि हम यदि रेस्तरां में परिवार के साथ चले जाएं तो पहले हम सोचते हैं कि मैं ये मंगवाऊंगा, फिर बगल वाली टेबल पर देखते हैं तो अपना मन बदल लेते हैं, और यदि हम एक निर्णय पर नहीं टिकेंगे तो संतोषी जीव भी नही बनेंगे। जो लोग डाइनिंग टेबल पर निर्णय नहीं कर पाते हैं, वह कभी खाने का भी का आनंद नहीं ले सकते हैं। अक्सर ऐसा होता है कि जो व्यक्ति ज्यादा अच्छा लगता है या जो सलाह आपको ज्यादा अच्छी लगती है उसे ही हम जीवन का मंत्र मान लेते हैं। प्राचार्य डॉ. राममोहन वशिष्ठ ने परीक्षा पे चर्चा के बारे में विद्यार्थियों को विवरण देते हुए बताया कि इस वर्ष इस कार्यक्रम में लगभग तीन हजार प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ संवाद करने जा रहे हैं और कहा कि प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से दो विद्यार्थियों, एक शिक्षक तथा कला उत्सव के विजेताओं को समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। डॉ. वशिष्ठ ने कहा कि जब 2018 में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी, तब लगभग 22 हजार पंजीकरण कराए गए थे, जबकि वर्तमान वर्ष में यह संख्या लगभग दो करोड 26 लाख तक पहुंच चुकी है। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने बताया कि संपूर्ण भारत को जोड़ने की पीएम की पहल है, जो विद्यार्थियों और अध्यापकों को एकसूत्र में बांध रही है। मौके पर उपसंचालक कृष्ण भारद्वाज, उपप्राचार्या ज्योति भारद्वाज, राजकुमार, राजपाल, विंग प्रभारी इंद्र यादव व कपिल शर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



महेंद्रगढ़। प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण देखते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## एडवोकेट रजत को कबीर रत्न

- सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति पदाधिकारियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कबीर सामाजिक उत्थान संस्था दिल्ली के तत्वावधान में नौवें वार्षिक स्थापना दिवस पर विशाल समारोह का आयोजन रविवार को रोहिणी दिल्ली में सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के महासचिव एवं दिल्ली संस्था के प्रमुख सलाहकार बिरदी चंद गोठवाल की अध्यक्षता में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि भारत सरकार के संयुक्त सचिव जीएस चौहान, अध्यक्ष बिरदी चंद गोठवाल व संस्था के प्रधान जगदीश चन्द्र सिंघल ने डा. भीमराव आंबेडकर, संत कबीर व सतगुरु रविदास महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं हरियाणा में उत्पीड़न आदि के उत्कृष्ट कार्य करने पर नेशनल अलायंस फार दलित ह्यूमन राइट्स के संयोजक एडवोकेट रजत कलशन को संस्था की ओर से फूलमाला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर व कबीर रत्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



नारनौल। एडवोकेट रजत कलशन को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**इनका सम्मान:** मौके पर सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के महासचिव बिरदी चंद गोठवाल, धानक समाज के प्रमुख सलाहकार शिवनारायण मोरवाल, वाल्मीकि समाज के उपाध्यक्ष राजेश चांवरिया, लीगल एडवाइजर भीमसिंह दहिया एडवोकेट, पूर्व एजीएम प्रेमसिंह, अनुभाग अधिकारी थावर सिंह गोठवाल व सहसचिव सुमेर सिंह गोठवाल को भारत सरकार के संयुक्त सचिव जीएस चौहान, डायरेक्टर सुनिता व संस्था के प्रधान जगदीश सिंघल ने फूलमाला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

## 100 मीटर लड़कों की दौड़ में कबीर प्रथम

- आरपीएस स्कूल में इंटर हाउस खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आरपीएस पब्लिक स्कूल में सोमवार को इंटर हाउस खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसका का शुभारंभ संस्था चेयरपर्सन डा. पवित्रा राव ने किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य बाबूलाल यादव, डीन जेपी यादव, उप प्राचार्य सुनील कुमार, निश्चिल खन्ना, विंग हेड रवींद्र पहल, राजेश्वरी देवी व मीनाक्षी सहित अन्य स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर चेयरपर्सन डा. पवित्रा राव ने प्रतिभागियों की हौंसला अफजाई करते हुए पढ़ाई के साथ स्कूली स्तर पर होने वाली विभिन्न प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित कर बधाई दी। वहीं हारने वाले प्रतिभागियों को अपनी गलतियों में सुधार कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद से शारीरिक विकास के साथ बौद्धिक विकास भी होता है। इसलिए विद्यार्थियों को हर प्रकार की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। प्राचार्य बाबूलाल यादव ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने से प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है। इस दौरान लॉग जंप, 100, 200 व 400 मीटर दौड़, खो-खो, शॉटपुट, बेडमिंटन, रिले दौड़ व कबड्डी प्रतियोगिताएं करवाई गई। इसमें 100 मीटर लड़कों की दौड़ में कबीर प्रथम, नितिन द्वितीय व विराट तृतीय, 100 मीटर लड़कियों की दौड़ में निशिता प्रथम, दिव्या द्वितीय, रिया तृतीय स्थान पर रही। 200 मीटर लड़कों की दौड़ में राहुल व लड़कियों में किंजल प्रथम रही। लड़कियों की लॉन्ग जम्प में निशिता व लड़कों में दक्ष प्रथम रहा। इंटर हाउस खो-खो प्रतियोगिता में लड़कियों व लड़कों में रेड हाउस प्रथम, लड़कों की कबड्डी में ब्लू हाउस व लड़कियों की कबड्डी में ब्लू हाउस प्रथम स्थान पर रही। लड़कों की शॉटपुट में पार्थ रहा। लड़कियों की रिले दौड़ में येलो हाउस व लड़कों में ग्रीन हाउस प्रथम रहा। मंच संचालन निखिल गोयल व महक दुआ ने किया। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका डीपीई प्रवीन, प्रदीप, विकास व सरिता ने निभाई। वहीं स्कोरर की भूमिका नरेश शर्मा व राहुल यादव ने निभाई।



नारनौल। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**सूचना**

मै हेतराम पुत्र विश्वनाथ जाति जोगी वासी मोहल्ला पुरानी मंडी नारनौल तह. नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरे लडके कपिल व उसकी पत्नी रविना व विना. द व उसकी पत्नी विनीता व मेरी पुत्री राधा मेरे कहने सुनने से बाहर है व अपनी मनमर्जी करते हैं तथा आए दिन झगडा करते रहते है। इसलिए मै इनको अपनी तमाम चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नही होगी।

**सूचना**

मैं, राम निवास पुत्र श्री हनुमान निवासी सतनाली उपतहसील सतनाली जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विक्रम मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**न्यायालय सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, सतनाली।**

**मुकदमा अनुवान- तकसीम, शेर सिंह बनाम राजबीर वगैरा, विस्वेदार मौजा पथरवा**

**मिसल नं.- 228/आर.एन.टी/तकसीम**

**आगामी ता. पेशी - 22/02/2024**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त अनुवान मुकदमा मेरे न्यायालय में विचाराधीन है। यह कि 4. बिजेन्द्र सिंह 5. गजेन्द्र सिंह पुत्रान रामपाल सिंह पुत्र मगेंज सिंह 6. देवेन्द्र सिंह 13. राजेष कुमार 14. रामबिलास पुत्रान 15. कविता 16. सुनिल 17. मेवा देवी विधवा सुरजभान पुत्र मामचन्द 18. धोघडी देवी विधवा हरलाल पुत्र मामचन्द 19. सुभाष पुत्र हरलाल पुत्र मामचन्द 20. राजपति देवी विधवा 21. पुनम पुत्री 22. महेष पुत्रान बलबीर सिंह पुत्र हरलाल 24. औमप्रकाष पुत्र शिवलाल पुत्र मामचन्द 25. पवन कुमार पुत्र मुन्शीराम पुत्र शिवलाल 28. बसन्ती देवी पुत्री 29. महावीर 31. सतबीर पुत्रान धनसीराम पुत्र मामचन्द 32. प्रमोद कुमार पुत्रान शिशराम पुत्र शंकर लाल 34. छोटा विधवा 35. आजाद कौर 36. बिमला 37. महेन्द्र बाई 38. सन्तोश 39. चन्द्रकला 40. कृष्णा पुत्रीयान सुलतान सिंह पुत्र दाताराम 42. सत्यपाल सिंह 46. सजींव कुमार 47. सचिन कुमार पुत्रान महेन्द्र सिंह पुत्र बलबीर सिंह 52. धापा विधवा 53. कैला 54. सन्तरा पुत्रीयान काशीराम पुत्र कैन्हीया 63. षारदा 64. मैना देवी 65. कृश्णा पुत्रीया 66. छोता विधवा भगंतु राम पुत्र श्योकरण 69. औमप्रकाष 71. पवन कुमार पुत्रान 72. मुन्नी बाई 73. सुनिता बाई पुत्रीयान 74. रेवती देवी विधवा नागारमल पुत्र श्योकर्ण 75. बिमल कुमार 76. आनन्द 77. प्रमोद पुत्रान मालाराम पुत्र मगतुंराम 79. स्नेह कुमार पुत्र 81. योगिता पुत्री 82. खेतली देवी माताराजेन्द्र प्रसाद पुत्र नागरमल वासयीयान पथरवा उपतहसील सतनाली जिला महेन्द्रगढ उक्त सभी को इस न्यायालय में पैरवी हेतु पेश होना है। उपरोक्त सभी को इस नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 22.02.2024 को असालतन या वकालतन में पेश हावें। अन्यथा आपके खिलाफ एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

**हस्ता/-सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, सतनाली।**



### मोबाइल का सदपयोग एवं आत्मिक मूल्यांकन करके सरकारी जॉब की तैयारी करें विद्यार्थी: डा. मानसिंह

**नांगल चौधरी।** शहीद मेजर सतीश दहिया राजकीय कॉलेज में प्लेस मेंट सेल के तत्वाधान में एडवोकेट डा. मानसिंह यादव ने स्नातक उत्तीर्ण करने के बाद सरकारी जॉब के विकल्पों से अवगत करवाया। विद्यार्थियों को प्रतियोगिक परिक्षाओं की तैयारी करने के टिप्स दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. अनिल यादव ने की। उन्होंने कहा कि स्नातक उत्तीर्ण करने के बाद युवा नॉन तकनीकी जॉब के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिनमें प्रशासनिक अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक की सर्विस शामिल होती है, लेकिन अधिकतर युवाओं को तैयारी करने की जानकारी नहीं होती। उन्होंने कहा कि एक साथ कई जॉब की तैयारी करते है, जिस कारण पूर्ण रूप से तैयारी नहीं होती और एक भी परीक्षा पास नहीं कर पाते। स्नातक पास करते ही विद्यार्थी को आत्मिक मंथन करके एक जॉब पर ध्यान केंद्रित करना चाहए।

राजकीय महिला महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन

## हितों की रक्षा के लिए कानून की जानकारी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ एवं विधिक प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में भारत में महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए विधान एवं कानून विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एडवोकेट अजनेश यादव मुख्यवक्ता के तौर पर उपस्थित रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम विधिक प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. तीर्थराज शर्मा ने मुख्य वक्ता का परिचय कराया। कार्यक्रम में अध्यक्षता प्राचार्य संजय जोशी ने की। प्राचार्य ने मुख्यवक्ता का स्वागत किया तथा कहा कि हमारे संविधान में महिलाओं की सुरक्षा के लिए अनेक कानून बनाए गए हैं, जिनकी जानकारी हमें होनी चाहिए, ताकि हम अपने हितों की रक्षा कर सकें। उन्होंने बताया कि छात्राओं को दैनिक जीवन में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यदि उन्हें कानून की जानकारी हो तो वह इन समस्याओं से निपटने के लिए उनकी मदद ले सकती हैं। अजनेश यादव ने छात्राओं को प्राचीन काल से चली आ रही अनेक कुरीतियों जैसे पर्दा प्रथा, बाल विवाह, सती प्रथा, दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए बनाए गए कानून की जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान में भी महिलाओं को घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने समस्याओं से निपटने के लिए बनाए गए कानून की जानकारी देते हुए, कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन शोषण एवं यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण जैसे अधिनियमों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को मुसीबत के समय काम आने वाले महिला हेल्पलाइन नंबर-1091 तथा तुरंत सहायता के लिए 112 नंबर के बारे में बताया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी कविता रानी ने मुख्यातिथि का आभार प्रकट किया तथा छात्राओं से अपील की कि वे इस जानकारी का आगे प्रसार करें व इन विधानों का प्रयोग अपने हितों की रक्षा करने के लिए करें। न की दूसरों को क्षति पहुंचाने के लिए। मौके पर डॉ. ज्योति शर्मा, डॉ. सुमन, डॉ. शर्मिला व ज्योति शर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।



महेंद्रगढ़। छात्राओं को कानूनी जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### नशीला पदार्थ बेचने के आरोप में दो गिरफ्तार

**नारनौल।** थाना सदर पुलिस ने नशीले पदार्थों का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसते हुए 152-डी जाट गुवाना टोल प्लाजा के पास से एक आरोपित को गिरफ्तार कर पांच किलो 925 ग्राम भुक्की (चूरा पोस्त) बरामद की थी। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान आरोपित से सख्ती से पूछताछ की गई। पूछताछ कर आरोपित को सोमवार को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पूछताछ में पुलिस ने आरोपित ट्रक चालक सुखविंद्र सिंह को भुक्की (चूरा पोस्त) बेचने वाले आरोपितों को पता लगाया।

### सड़क हादसे को आरोपी गाड़ी चालक काबू

**रेवाड़ी।** सड़क हादसे के बाद फरार हुए गाड़ी चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सिटी पुलिस ने गत 20 जनवरी को शहर के एक चौक पर हुए हादसे के बाद विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। पुलिस ने जांच के बाद लाखनौर निवासी अमित को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### महिला का मोबाइल छीनने का आरोपी काबू

**धारूहेड़ा।** गत वर्ष 19 नवंबर को कंपनी कर्मचारी एक महिला का मोबाइल फोन छीनने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बाइक सवार संतोष कॉलोनी निवासी रेखा का मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया था। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने पलवल के कुकरछाती निवासी जुनैद को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### चेहरे की बजाय हाथ के निशान को दें महत्व

**रेवाड़ी।** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वह अहीरवाल की तीनों लोकसभा सीटों पर जीत सुनिश्चित करते हुए एकजुट होकर जुट जाएं। एक बयान में विद्रोही ने बताया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के किसी भी उम्मीदवार का चेहरे देखने की बजाय हाथ के निशान को प्रमुखता देते हुए उसे जिताने की दिशा में काम करें।

### महिला व परिजनों से मारपीट पर दो पर केस

**रेवाड़ी।** डूंगरवास में एक महिला और उसके परिजनों के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दो भाइयों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस बयान में सिकंदर सिंह ने बताया कि वह भाई और पिता के साथ प्लॉट में काम कर रहा था। घर आने पर उसकी मां आंगन में पड़ी रो रही थी। पूछने पर उसकी मां ने बताया कि पड़ोसी विकास ने घर आकर उसके साथ मारपीट की है। इसके बाद वह विकास के घर उलहाना लेकर गया तो उसने उसके साथ भी मारपीट शुरू कर दी।

## ठंड के साथ बढ़ा मौसमी बीमारियों का ग्राफ

# सर्दी बढ़ने से बढ़े वायरल बुखार के मरीज, रोज आ रहे 100 केस

पहले आने वाले 20 से 40 मरीजों की संख्या बढ़कर पहुंची 80 से 100 के बीच, बुजुर्ग व बच्चे हो रहे अधिक प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़


नागरिक अस्पताल का भवन।

लगातार बढ़ रही ठंड के प्रकोप के बीच में वायरल बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। अब प्रतिदिन 80 से 100 लोग नागरिक अस्पताल में दवा लेने के लिए पहुंच रहे हैं। जबकि ठंड से पहले केवल 20 से 40 मरीज ही अपना इलाज करवाने के लिए पहुंचते थे। इनमें सबसे ज्यादा संख्या बच्चों में देखने को मिल रही है। वहीं चिकित्सकों ने इस मौसम में बुजुर्गों व बच्चों को बाहर न घूमने की सलाह दी है। यह वायरल बुखार बच्चे, जवान व बुजुर्गों को तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है। इस बुखार के उतर जाने के बाद भी लोग परेशान रहते है। बुखार की चपेट में आने वाले मरीजों को सर्दी, खांसी व गले में तेज दर्द की परेशानी होती है और कमजोरी आ जाती है।

वायरल बुखार के साथ-साथ सिरदर्द, बदन दर्द, सांस और पेट संबंधित बीमारी से भी परेशान मरीज इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंच रहे हैं। मौसम की मार ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित किया है हालांकि सोमवार को दोपहर बाद धूप खिली भी, लेकिन इससे पहले क्षेत्र में कड़ाके की ठंड देखने को मिली थी, जिससे ठंड ने लोगों को बीमारी की चपेट में लिया है।

सोमवार को सुबह की शुरूआत कड़ाके की ठंड व कोहरे के साथ हुई। सुबह के समय लोगों ने अलाव का सहारा लेकर अपने कामकाज पर पहुंचना पड़ा। दोपहिया वाहन चालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरा होने से वाहन रेंगते हुए दिखाई दिए। कोहरा छंटने से 12 बजे तक आसमान में बादल छाए रहे। इसके बाद सूर्यदेव ने अपने दर्शन दिए। धूप निकलते ही लोग अपने घर की छतों, घर प्रांगण, पार्कों में धूप सेंकने लगे। दोपहर से शाम पांच बजे तक धूप निकली। धूप का प्रभाव भी अच्छा रहा। शाम पांच बजे बाद ठंड फिर हावी हो गई।

### ठंडा पानी पीने से बचे, हल्का भोजन लें



बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित धनखड़ ने बताया कि ठंड से बचने के लिए हमें इस मौसम में अधिक गर्मी कपड़ों को पहनने की जरूरत है। सबसे अधिक बचाव छोटे बच्चों का करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस मौसम में चलने वाली सर्द हवाओं से सिर दर्द, जुकाम व खांसी तेज से फैलती है। बच्चों के साथ ही बुजुगार्ं का खास ध्यान रखें। ठंड के मौसम में वायरल बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी है। सर्दी के मौसम में खांसी, जुकाम, बुखार, पेट दर्द, उलटी दस्त, कमजोरी, जोड़ो में दर्द, ब्लड प्रेशर, दिल के मरीजों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हो रही है। इसलिए लोगों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि सर्दी से बचे, ठंडा पानी नहीं पीएं। अगर स्वास्थ्य में थोड़ी भी गड़बड़ी लगे तो हल्का भोजन करें। अगर कोई भी परेशानी होने पर तुरंत डॉक्टर से मिलें। इसके अलावा बाहर आना जाना कम ही रखें और बाहर के दूषित खाने से बचें। अपने खानपान का ध्यान रखें। धूप निकलने के बाद ही घर से बाहर निकलने की कोशिश करें।

# शिक्षुता मेले में 223 छात्र चयनित

- आईटीआईमें आयोजित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल


नारनौल। छात्रों को चयनित करने के लिए पहुंचे कंपनियों के प्रतिनिधि।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन किया गया। इस बारे में संस्थान प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के निदेशानुसार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मिन्डा कोसी एलुमिनियम व्हील बावल, जय भारत मारूति बावल, टीआईआई बावल, आईसीएन रोहतक पीआरऑटोमोटिव नीमराना, मदरसन सूमी वायरिंग, अग्रवाल मेटलस जैसी अनेक राष्ट्रीय व बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने भाग लिया तथा आईटीआई पास छात्रों का चयन किया। शिक्षुता एवं प्लेसमेंट अधिकारी सुदर्शन कुमार ने बताया कि मेले में 300 आईटीआई ट्रेड के पास छात्रों ने पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। जिनमें से 223 छात्रों का विभिन्न कम्पिनयों में चयन हुआ। प्रधानाचार्य ने कंपनी प्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा सभी चयनित छात्रों को बधाई दी। इस मौके पर सुनील यादव, कैप्टन विरेन्द्र सेकवाल, अमित कुमार, मनीषा यादव, गुरदयाल, जगदीश, राजेश, संदीप मांदी, विकास यादव, शिवताज आर्या इत्यादि मौजूद रहे।

# अभियान चला वाहन चालकों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

- 15 जनवरी से 14 फरवरी तक विशेष मुहिम चलाएगी पुलिस

पुलिस की ओर से 15 जनवरी से 14 फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिसके तहत जिले में आमजन को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत सोमवार को पुलिस ने जिले में दोपहिया वाहनों पर हेलमेट ना लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान किए गए। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के दिशानिर्देशानुसार डीएसपी मोहिंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस की ओर से अभियान के तहत वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती भी की जा रही है। पुलिस की ओर से सोमवार को विशेष दोपहिया वाहनों पर हेलमेट ना लगाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। अभियान के तहत हेलमेट ना लगाने वालों के चालान काटे गए। पुलिस की ओर से वाहन चालकों को जागरूक कर बताया गया।

### 50 लाख की रंगदारी मांगी अग्रिम जमानत की खारिज

**नारनौल।** बीआर एजुकेशन ग्रुप सेहलंग के चेयरमैन से 50 लाख रुपये मांगने और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपित प्रदीप कुमार वासी भड़फ की जमानत याचिका खारिज हो गई है। एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एवं सेशन जज योगेश चौधरी की कोर्ट में 19 जनवरी को अग्रिम जमानत की याचिका लगाई थी, जोकि माननीय सेशन कोर्ट ने सोमवार को अग्रिम जमानत खारिज कर दी गई है। गौरतलब है कि गांव भड़फ वासी प्रदीप कुमार पर आरोप है कि बीआर एजुकेशन ग्रुप सेहलंग के चेयरमैन से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई और नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। इन आरोपों की शिकायत चेयरमैन ने कनीना पुलिस को दी।

# हकेंवि की पूजा यूपीएससी में पास

- सांख्यिकी विभाग की पूजा भारतीय सांख्यिकी सेवा में चयनित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार से मुलाकात करती छात्रा व शिक्षक।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग की छात्रा पूजा कुमारी ने भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) परीक्षा में ऑल इंडिया के स्तर पर 21वीं रैंक प्राप्त की है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार से मुलाकात कर छात्रा ने उन्हें अपनी इस उपलब्धि की जानकारी दी और कुलपति ने छात्रा को इस सफलता के लिए बधाई दी। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। सांख्यिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कपिल कुमार ने बताया कि आईएसएस की परीक्षा में पूजा कुमारी ने ऑल इंडिया स्तर पर 21वां स्थान प्राप्त किया है। भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) भारत सरकार की कार्यकारी शाखा की केंद्रीय सिविल सेवाओं के ग्रुप ए के तहत एक सिविल सेवा है। आईएसएस एक सिविल सेवा है जिसमें सांख्यिकीय विधियों और अनुप्रयोगों में उच्च स्तर की दक्षता है। डॉ. कपिल कुमार सहित विभाग के शिक्षक प्रो. रंजन कुमार साहु, डॉ. रविंद्र सिंह, डॉ. अनूप कुमार एवं डॉ. पवित्रा कुमारी ने पूजा को बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भाजपा ने तोड़े वादाखिलाफी व भ्रष्टाचार के रिकार्ड

- विधायक राव दानसिंह ने सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को किया संबोधित
- विधायक ने लगाया भाजपा पर वादा खिलाफी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

विधायक राव दानसिंह ने सिगड़ी स्थित फार्म हाउस पर कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। विधायक द्वारा आयोजित इस कार्यकर्ता सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। विधायक राव दानसिंह ने कहा कि लोगों ने बड़ी उम्मीद के साथ प्रदेश व देश में भाजपा की सरकार बनाई थी, लोगों को उम्मीद थी कि भाजपा वालों के अनुरूप कार्य करेगी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने लोगों से वादा खिलाफी की और भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। उन्होंने कहा कि पेट्रोल डीजल में गैस के दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो रही है। महंगाई दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है एवं प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराई आई हुई है। इसी के साथ-साथ भाजपा पार्टी ने प्रदेश के युवाओं को बेरोजगारी के दलदल में धकेलने का कार्य किया है और आज भाजपा सरकार प्रदेश में कर्ज से सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ जिले के लिए जो घोषणा की गई थी, वह भी केवल घोषणा बनकर रह गई। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर बुजुर्गों की पेंशन छह हजार रुपये करने का कार्य करेंगे तथा बीपीएल कार्ड धारकों का प्लाट भी दिए जाएंगे। इस मौके पर पूर्व कोऑपरेटिव बैंक चेयरमैन राव रामकुंवार, अरुण राव, राजेंद्र राव, पूर्व नपा चेयरमैन विजेंद्र यादव, राजेश गुप्ता, जितेंद्र चोटी, पूर्व पार्षद विजय व सुरेंद्र चेयरमैन आदि मौजूद रही।

# जजपा अटेली व महेंद्रगढ़ की कार्यकारिणी घोषित

- पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों व जिला अध्यक्ष की सहमति से जारी की गई लिस्ट
- अटेली हलका में बनाए गए हैं तीन वरिष्ठ उपाध्यक्ष तो महेंद्रगढ़ हलका में बनाए गए हैं दो

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

जननायक जनता पार्टी ने अटेली व महेंद्रगढ़ हलका की कार्यकारिणी घोषित की है। अटेली हलका में जहां तीन वरिष्ठ उपप्रधान बनाए गए है, वहीं महेंद्रगढ़ हलका में दो कार्यकर्ताओं को यह पद दिया गया है। इनके अलावा उपाध्यक्ष, प्रधान महासचिव, सचिव, प्रचार सचिव व खजांची की भी नियुक्ति की गई है।

### नई कार्यकारिणी में इन्हें मिली जगह

महेंद्रगढ़ हलका वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन शेखावत सतनाली व महिपाल मास्टर सुरेहती जाखल बनाया गया है। प्रधान महासचिव हरिकिशन थानेदार बूचौली को बनाया गया है। इसी प्रकार महासचिव ओमप्रकाश सुरहेती पिलानियां, संजय निंबेहड़ा, राजबीर श्यामपुरा, रामचंद्र बचीनी, नानूराम बावरिया सतनाली, मनोज जोनावास व हनुमान खेड़की को बनाया है। सचिव प्रवीण ढाणा, कृष्ण पथरवा, राकेश बलाना, महताब खायरा, कमल सैनी झगड़ोली, कर्मबीर नांगल हरनाथ तथा रमेश सरपंच खेड़ा को बनाया गया है। संगठन सचिव अशोक बवानिया, प्रचार सचिव पवन गागड़वास व खजांची मनोज झूक को बनाया गया है।

पार्टी कार्यकर्ताओं को मिली नई जिम्मेवारी के लिए इन्होंने शीर्ष नेताओं का आभार जताते हुए भविष्य में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जीत के लिए अहम किरदार निभाने का भरोसा दिलाया है।

जजपा जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि जिला अध्यक्ष डा. मनीष शर्मा, अटेली हलका अध्यक्ष कुलदीप कलवाड़ी व महेंद्रगढ़ हलका अध्यक्ष रविंद्र गागड़वास ने पार्टी के शीर्ष नेताओं से रायशुमारी कर अटेली व महेंद्रगढ़ हलका की कार्यकारिणी घोषित की है। इसमें अटेली हलका से वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतबीर कलवाड़ी, भूपसिंह झिंगावन व उजागर सिंह ककराला को बनाया गया है।

अटेली हलका का उपाध्यक्ष महेंद्र लांबा सिहोर, विक्रम दौंगड़ा, पवन कनीना, रविंद्र बेवल, देवेंद्र चेलावास, महेंद्र सिंह उन्हाणी तथा विक्रम दूलोठ जाट को बनाया गया है। प्रधान महासचिव लीलाराम कोका को बनाया गया है। महासचिव इंद्रपाल बोचड़िया, अनुज कौशिक तलवाना, मुकेश कुमार पाथेड़ा, ओमप्रकाश खेराना, लीलाराम अगिहार एवं वेदप्रकाश हलवाई को बनाया गया है। प्रचार सचिव की कमान सुनील खेड़ी कांटी को दी गई है।

# नशे के खिलाफ किया जागरूक

- पुलिस टीम ने गांव पटीकरा में चलाया विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल


नारनौल। ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए। फोटो: हरिभूमि

थाना शहर पुलिस ने गांव पटीकरा में युवाओं व लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर थाना शहर प्रबंधक निरीक्षक प्रवीण ने बताया कि नशा एक सामाजिक बुराई है, नशे से केवल व्यक्ति ही नहीं पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए समाज में चेतना व जागरूकता लाने के लिए समाज को एकजुट होकर मजबूत प्रयास करने की जरूरत है। एकजुट होकर नशे के खिलाफ जागरूकता लाकर समाज को नशा मुक्त बनाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि ऐसा करके युवा पीढ़ी को नशे से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल के निर्देशानुसार नशे को जड़ से खत्म करने के जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों को नशे से होने वाली बीमारियों के बारे में अवगत करवाया। ग्रामीणों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में भी जानकारी दी।

### बसपा नेता ने की फसल गिरदावरी की मांग

**नारनौल।** पिछले काफी दिनों से पड़ रहे कोहरे, धुंध व शीतलहर के कारण किसानों की अगेती सरसों की फसल में काफी नुकसान हो गया है। सरसों फसल में हुए नुकसान ने किसानों के अरमानों पर पानी फिर दिया है। इस संबंध में बहुजन समाज पार्टी के नेता ठाकुर अतरलाल ने प्रदेश सरकार से सरसों में हुई फसल के नुकसान का तत्काल सर्वे करवाकर प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग की है। अतरलाल ने उक्त मांग प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल को भेजे ज्ञापन में उठाई है। ज्ञापन के बारे में जानकारी देते हुए अतरलाल ने कहा कि जिले के स्याणा, नौताना, सेहलंग, खेड़ी तलवाना, धनौन्दा, खरकड़ा बास, मोहलड़ा, रातां, नावदी, रामपुरा के गांवों के किसानों से शिकायत मिली है कि उनकी अगेती सरसों की फसल अति शीतलहर, कोहरा तथा धुंध से 50 प्रतिशत खराब हो गई है।

**हरिभूमि**

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-

महेंद्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरुण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## बहुजन संगठनों को 6 की रैली का दिया निमंत्रण

# डा. रितु को समर्थन देने दिल्ली पहुंचे प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल


नारनौल। समर्थन देने दिल्ली पहुंचे विभिन्न संगठनों के लोग। फोटो: हरिभूमि

भारतवर्ष के बहुजन समाज के विभिन्न संगठनों के साथ गत पांच माह से संघर्षरत एससी समाज की डाक्टर रितु सिंह के मामले में सर्व अनुसूचित संघर्ष समिति के महासचिव एवं कबीर उत्थान संस्था दिल्ली के प्रमुख सलाहकार के नेतृत्व में गुरु रविदास महासभा के प्रधान बलबीर सिंह बबेरवाल, वाल्मीकि सभा के राजेश चांवरिया, धानक सभा के शिवनारायण मोरवाल, सहसचिव सुमेर सिंह गोठवाल आदि ने दिल्ली विश्वविद्यालय के गेट नंबर चार पर पहुंचकर उनके संघर्ष को समर्थन दिया। वहीं हांसी से नेशनल अलायंस फार दलित ह्यूमन राइट्स के संयोजक एडवोकेट रजत कलशन भी पूरे दलबल के साथ धरना स्थल पर पहुंचे। डॉ. रितु सिंह व अन्य सभी से विचार-विमर्श उपरांत एडवोकेट रजत कलशन ने आह्वान किया। दिल्ली विश्वविद्यालय के गेट नंबर चार पर हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व अन्य राज्यों से लोग भाग लेंगे। बिरदी चंद गोठवाल ने बताया कि दौलतराम कॉलेज प्रिंसिपल सविता राय ने जातिगत दुर्भावना की शिकार सहायक डा. रितु सिंह को झूठे मामले में एक षड्यंत्र के तहत पद से हटाया है।

### क्लास रूम में दुर्व्यवहार के आरोप निरोधार

उन्होंने बताया कि हटाने का कारण क्लासरुम में दुर्व्यवहार और छात्रों के बीच असंतोष दिया गया, जो निराधार व बेबुनियाद है, क्योंकि कमेटी के सम्मुख प्रस्तुत 35 विद्यार्थियों की सूची में कोई भी विद्यार्थी ऐसा नहीं मिला जो डा. रितु सिंह के पास पढ़ा हो और ना ही इन छात्रों में कोई भी विद्यार्थी दौलतराम कॉलेज का था। मौजूदा सरकार को पिछड़ा वर्ग विरोधी बताते हुए डा. रितु सिंह ने कहा कि यह हास्य का विषय है कि एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज होने व भारत के विभिन्न संगठनों के साथ गत पांच माह लगातार धरना प्रदर्शन चलने के बाद भी पिछड़ा वर्ग विरोधी सरकार इस मामले में मौन है। उन्होंने अपील की कि भारतवर्ष के सभी संगठन व प्रबुद्धगण छह फरवरी की विशाल रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर संघर्ष को मजबूत करें। यह लड़ाई समस्त दलित समाज की है।

### सास, ससुर, देवरानी व देवर के खिलाफ केस

**नारनौल।** शहर के मौहल्ला गुदड़ी में एक महिला ने सिटी पुलिस को शिकायत दी है। आरोप है कि उसे सास, ससुर, देवरानी व देवर ने मारपीट की। इस शिकायत पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 294,323,34,506 के तहत केस दर्ज किया है। मौहल्ला गुदड़ी वासी महिला कविता ने शिकायत में बताया है कि रविवार की शाम पांच बजे वह घर से बाहर निकली थी, तब बिना किसी कारण से सास प्रेमलता, देवरानी पूजा और ससुर कंवरसिंह ने गाली गलौच की। ससुर घसीटकर सड़क पर ले गया और ईंटों से सिर पर वार किया। बच्चों को जान से मारने की धमकी देते है। पति आर्मी से है। वह बच्चों के साथ अकेली रहती है। रात के समय देवर जितेंद्र दरवाजे को पीटता है और गाली गलौच करते है।